भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु भा.वा.अ.शि.प. में दिनांक 14 से 29 सितम्बर 2025 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 29 सितम्बर 2025 को हिंदी पखवाड़े का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सभा का मान बढ़ाते हुए भा.वा.अ.शि.प. महानिदेशक महोदया कंचन देवी, भा.व.से. ने परिषद में पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कार्मिकों की भागीदारी की सराहना की तथा हिंदीतर भाषी कार्मिकों हेतु आयोजित सामान्य राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का विशेष रूप से सराहना किया। उन्होने आशा व्यक्त किया राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु सभी कार्मिक आगे भी इसी तरह से अपना योगदान देते रहेंगे। हिन्दी पखवाड़े के इस आयोजन को सफल बनाने हेतु संचालकों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होने पखवाड़े के दौरान आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के 55 विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान सुर संगम कार्यक्रम भी आयोजित की गई जिसमें मुख्यालय के कार्मिकों तथा उनके कुछ परिजनों द्वारा नृत्य और गायन प्रस्तुति दी गई।

समापन समारोह पर डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) ने स्वागत भाषण के दौरान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण दिया और बताया कि इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित कुल 9 प्रतियोगिताएं यथा, टिप्पण एवं आलेखन, निबंध, राजभाषा ज्ञान एवं अनुवाद (हिन्दी भाषी), सामान्य राजभाषा ज्ञान (हिंदीतर भाषी), प्रश्नोत्तरी (क्विज), स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ, हिंदी टंकण, श्रुतलेख (बहुकर्मी, वाहन चालक एवं समतुल्य), एवं अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें कुल 126 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी को अवगत कराया कि भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान अपने शासकीय कार्यों में राजभाषा क्रियान्वयन में समग्र प्रदर्शन हेतु भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के 09 कार्मिकों एवं 03 संविदाकर्मियों को भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्यालय के तीन कार्यालय तथा अधीनस्थ संस्थानों में से 'क' क्षेत्र तथा 'ग' क्षेत्र स्थित 2 संस्थानों को भी राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. विनय कुमार, उपमहानिदेशक (प्रशासन), डॉ. एच. एस. गिनवाल, उपमहानिदेशक (अनुसंधान), डॉ. विनीत कुमार, उपमहानिदेशक (शिक्षा), डॉ. राजेश शर्मा, निदेशक (अंतराष्ट्रीय सहयोग), डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), तथा भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

हिन्दी पखवाड़ा 2025 की कुछ झलकियां